पत्र सूचनाशाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर

राजभवन में कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र का लोकार्पण

बच्चे अनुशासित होकर कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करें– श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ : 20 जुलाई, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन में स्थापित कम्प्यूटर केन्द्र का लोकार्पण किया तथा राजभवन परिसर में रह रहे बच्चों के लिये कम्प्यूटर प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर राजभवन के गांधी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण केन्द्र में एक बार में 20 बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।

राज्यपाल जी ने कहा कि प्रशिक्षण हेतु प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को प्रतिमाह 100 रूपये शुल्क देय होगा तथा प्रशिक्षण के लिये समय सारणी बनायी जायेगी। प्रत्येक विद्यार्थी को आवंटित समयानुसार ही प्रशिक्षण केन्द्र पर उपस्थित होना होगा तथा प्रत्येक 3 माह बाद परीक्षा का आयोजन भी किया जायेगा। उन्होंने बताया कि शुल्क का संग्रह एवं लेखा जोखा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों द्वारा ही किया जायेगा। राज्यपाल जी ने बच्चों से कहा कि आप लोग अनुशासित रहकर ध्यानपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करे, यदि कोई कठिनाई हो तो प्रशिक्षकों से संवाद स्थापित कर उसका निराकरण करायें आप सब में सीखने की ताकत है, हौसला है, इसलिये आगे बढ़ने का संकल्प करें।

इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री महेश कुमार गुप्ता, लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 आलोक कुमार राय एवं राजभवन के अधिकारीगण तथा बच्चे मौजूद थे।

राजभवन(268 / 11)

प्रशिक्षण केन्द्र
लोकार्पण
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
कुमार गुप्ता
श्री राज्यपाल
2021 मंगलवार